भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3870
06/04/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

वायु मंडल में विद्यमान गैसों को मापने सम्बन्धी यंत्र

3870. # श्री नारायण दास गुप्ता:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार के पास वायु मंडल में विद्यमान गैसों को मापने सम्बन्धी यंत्र नहीं हैं;
(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार इन यंत्रों को संस्थापित करने के लिए प्रयास कर रही है;
(ग) यदि हाँ,तो इन्हें कब तक संस्थापित किया जाना अपेक्षित है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी नहीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) का पर्यावरण निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र (EMRC) देशभर में फैले हुए स्टेशनों के नेटवर्क के माध्यम से वायुमण्डलीय ओजोन (सतह के साथ-साथ स्तंभीय) की निगरानी करता है। इसके अतिरिक्त, वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली (SAFAR) नेटवर्क के माध्यम से सभी प्रमुख वायु प्रदूषकों समेत गैसों (PM2.5, PM10, ओजोन, CO, NOx (NO, NO2), SO2, BC, मीथेन (CH4), नॉन-मीथेन हाइड्रोकार्बन (NMHC), VOC's, बेनजीन, मरकरी) को देशभर में स्थित 10 स्टेशनों पर मापा जाता है।

(ख)-(घ) प्रश्न नहीं उठता।

****